## बदमाश गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने फायरिंग और मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे दो इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों पर दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित था।

यह कार्रवाई सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी और वृत्ताधिकारी गंगापुर सिटी के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी राधारमन गुप्ता के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, देवनारायण मंदिर के पास हुई मारपीट और फायरिंग की घटना में वांछित वरण सिंह गुर्जर (निवासी मानपुर, थाना सदर गंगापुर सिटी) और रुपेंद्र सिंह गुर्जर उर्फ आर.एस. अवाना (निवासी गुर्जर कोलेता, थाना बामनवास) को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों पर जिला पुलिस अधीक्षक ने दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने बताया कि यह मामला 20 जनवरी 2025 का है।

# नया बाजार पार्किंग स्थल को समाप्त करने का विरोध

■ **व्यापारियों ने एसडीएम बृजेन्द्र मीणा और एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।**

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। नया बाजार क्षेत्र में स्थित पार्किंग स्थल और सार्वजनिक प्याऊ को हटाने के नगर परिषद प्रशासन के प्रयासों का व्यापारियों और आमजन ने विरोध किया है। इस संबंध में व्यापारियों ने एसडीएम बृजेन्द्र मीणा और एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।

स्थानीय व्यापारियों और निवासियों के अनुसार, यह पार्किंग स्थल और प्याऊ लगभग 50 वर्षों से जनसुविधा के लिए उपयोग में है। उनका कहना है कि इसे समाप्त करना जनहित के खिलाफ होगा। वर्ष 2016 में तत्कालीन विधायक मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद उपसभापति और वार्ड पार्षद दीपक सिंघल की मध्यस्थता से पीडब्ल्यूडी की संपत्ति पर व्यापारियों की लिखित सहमति से स्थायी सार्वजनिक प्याऊ, पार्किंग स्थल और सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। यह पार्किंग स्थल नया बाजार के व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद प्रशासन अब इस पार्किंग स्थल पर टीन शेड और स्थायी निर्माण कर कार्यालय स्थापित करना चाहता है। इससे बाजार क्षेत्र में पहले से मौजूद पार्किंग की समस्या और बढ़ जाएगी।

समाजसेवी वेद प्रकाश मंगल ने सुझाव दिया कि नगर परिषद कार्यालय के लिए बद्रीनाथ बाजार स्थित पुरानी नगर पालिका की भूमि पर पर्याप्त खाली स्थान उपलब्ध है। व्यापारियों और आमजन की मांग है कि वर्तमान स्थल का उपयोग केवल पार्किंग, सार्वजनिक प्याऊ और आधुनिक सुलभ शौचालय के लिए ही किया जाए, ताकि मुख्य बाजार क्षेत्र में आवश्यक जनसुविधाएं बनी रहें। एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर ने इस मामले पर सफाई निरीक्षक पिंटू मीणा को बुलाकर व्यापारियों की समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने शौचालय की सफाई, महिला शौचालय के गेट की मरम्मत, कबाड़ हटाने और पार्किंग स्थल को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

एडीएम ने स्पष्ट किया कि लगाई जा रही टीनशेड से पार्किंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस दौरान वेदप्रकाश मंगल, कौशल शर्मा, जगदीशप्रसाद, ओमप्रकाश, महेन्द्र, कुलदीप मंगल, विनोद अग्रवाल और दीनदयाल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## टैंपो पलटा

**बयाना/भरतपुर**, (निसं)। बयाना-भरतपुर स्टेट हाईवे पर सालाबाद रेलवे फाटक के पास एक लोडिंग टैंपो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में लोडिंग टैंपो में सवार महिलाओं और बच्चों सहित करीब 20 लोग बाल-बाल बचे, हालांकि उन्हें मामूली चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

यह हादसा एक नशे में धुत लोडिंग टैंपो ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ। तेज रफ्तार लोडिंग टैंपो बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराया और सड़क किनारे पलट गया। ग्रामीणों ने बताया कि ड्राइवर शराब के नशे में वाहन चला रहा था। लोडिंग टैंपो में मलाह (भरतपुर) के कुशवाह समाज के एक ही परिवार के लगभग 20 लोग सवार थे। ये सभी बयाना कस्बे के बमनपुरा मोहल्ले में एक रिश्तेदार के निधन पर आयोजित पगड़ी रस्म कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और वापस मलाह लौट रहे थे।

# गंगापुर सिटी में ठण्ड से जनजीवन प्रभावित

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की सर्दी का प्रकोप जारी है। आठ दिन पहले हुई मावठ के बाद ठंड का असर और बढ़ गया है। गुरुवार सुबह लगातार तीसरे दिन शहर और ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा छाया रहा।

कोहरे के कारण दृश्यता घटकर लगभग 10 मीटर रह गई, जिससे वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। तापमान पर भी ठंड का स्पष्ट प्रभाव देखा गया। पिछले तीन दिनों से न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है, जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जो 14 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सुबह के समय चारों ओर कोहरे और ओस की परत जमी हुई थी। सर्द हवाओं के कारण गलन और ठिठुरन बढ़ गई, जिससे अधिकांश लोग देर तक घरों में ही रहे। सुबह सड़कों पर आवाजाही कम रही और बाजार सामान्य दिनों की तुलना में देरी से खुले। दोपहर तक भी कोहरे का प्रभाव बना रहा। लोग ऊनी कपड़ों में दिखाई दिए, वहीं ठंडी हवाओं के कारण गलन महसूस की गई। चौराहों और गली-मोहल्लों में लोग अलाव तापते नजर आए, जबकि चाय की दुकानों पर गर्म पेय पदार्थों की मांग बढ़ी। वहीं तिल्ली, मूंगफली आदि की मांग में भी इजाफा हुआ है। दिनभर धूप नहीं निकलने से ठंड का असर बना रहा। खुले में काम करने वाले लोगों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सर्दी का प्रभाव अधिक रहा। कड़ाके की सर्दी से आमजन के साथ-साथ पशु-पक्षी भी प्रभावित हुए हैं।

# रक्तदान शिविर 18 जनवरी को

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी द्वारा 18 जनवरी 2026 को प्रात: 9.30 बजे से 3 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला रेल्वे स्टेशन के पास गंगापुर सिटी में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

रक्त का संकलन रक्तदान टीम जिला अस्पताल गंगापुर सिटी के द्वारा किया जाएगा। इसमें 18 साल से ऊपर वाले सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं और रक्तदान एक महादान है इसलिए एक युनिट ब्लड देने किसी की भी जान बच सकती है तो अपने को रक्तदान करना चाहिए। भारत विकास परिषद एक सामाजिक संस्था है यह सेवा प्रकल्प द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है इसमें कम से कम 101 यूनिट ब्लड डोनेशन करने का संकल्प लिया है। इस दौरान शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कुमार खारवाल ,शाखा सचिव रामदयाल मीणा, शाखा कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव, कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी नारायण प्रॉपर्टी, राजेश खंडेलवाल चश्मे वाले, लक्ष्मी कुमार अग्रवाल महोली, दीपक गर्ग पेटोली और अरविंद गुप्ता आदि लोग मोजूद थे।

# फैस टू फैस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**करौली**, (निसं)। जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड - यूनिसेफ करौली द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महमदपुर में किशोर युवतियों के साथ फैस टू फैस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एक्शनएड - यूनिसेफ करौली के जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि किशोर युवतियों को लैंगिक भेदभाव, "सेल्फ एस्टीम एंड बॉडी कॉन्फिडेंस" पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें आत्म-सम्मान, आत्म विश्वास बढ़ाने और हानिकारक जेंडर मानदंडों को चुनौती देने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोर युवतियों को सकारात्मक शारीरिक छवि विकसित करने, समाज में व्याप्त रूढ़ियों को समझने, और अपने शरीर के प्रति आत्मविश्वास महसूस करने के लिए सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण में कॉमिक्स बुक सामग्री का उपयोग किया गया जिससे किशोरावस्था के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक परिवर्तनों को समझने में मदद मिलती है। प्रशिक्षण से आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ाना किशोरों में अपने शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और आत्म-सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया गया।

मीडिया के आदर्श रूपों, लिंग आधारित रूढ़ियों और शारीरिक बनावट से जुड़ी हानिकारक धारणाओं को चुनौती देना सिखाया। किशोर युवतियों को अपने शरीर के साथ सहज रहने और सामाजिक दबाव का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया गया। समाज में फैली लिंग भेद से जुड़ी रूढ़ियों और मान्यताओं को पहचानना और उन्हें चुनौती देना सिखाया गया। जिससे किशोर युवतियों में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास विकसित हो सकें। जो अकादमिक विकास में भी सहायक हो।

जिला समन्वयक बैरवा ने प्रशिक्षण में किशोर युवतियों को सकारात्मक रूप से विकसित होने में मदद करना। उन्हें समाज में व्याप्त नकारात्मक सोच से निकलने और अपने आप को स्वीकार करने के लिए सशक्त बनाने एवं किशोरावस्था के दौरान आत्मविश्वास की कमी, नकारात्मक शारीरिक छवि और सामाजिक दबाव से निपटने हेतु प्रेरित किया गया। एक्शनएड एसोसिएशन के स्वयंसेवक जगदीश जाट ने किशोर एवं युवाओं को सायबर अपराध, सायबर फ्रॉड सहित बाल मैत्रीपूर्ण अधिकारों की जानकारी देकर बाल अधिकारों के संरक्षण पर किशोर युवतियों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान एक्शन फोर एडवोकेसी विकास अनुसंधान संस्थान प्रभारी देवीशंकर ने बाल विवाह, बालश्रम, की रोकथाम एवं साइबर अपराध से बचाव के साथ नशामुक्ति पर जोर दिया।

# निठार में जलापूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

■ **हाथों में खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।**

■ **ग्रामीणों ने जलदाय विभाग और ठेकेदार के खिलाफ पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया**

■ **जल आपूर्ति न होने से न केवल घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं,बल्कि पशुपालकों के सामने भी मवेशियों को पानी पिलाने का संकट**

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। गांव निठार में पिछले 5 दिनों से जलापूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। चंद्रशेखर शर्मा, गिरीश शर्मा और पिंटू पंडित के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जलदाय विभाग और ठेकेदार के खिलाफ पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया। भीषण सर्दी में पानी की किल्लत झेल रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।

भुसावर (भरतपुर)। भुसावर उपखंड के गांव निठार में पिछले पांच दिनों से गहराया पेयजल संकट अब ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ चुका है। कड़ाके की सर्दी के बीच पानी की एक-एक बूंद के लिए जद्दोजहद कर रहे निठार वासियों का आक्रोश गुरुवार को फूट पड़ा। जलदाय विभाग और संबंधित ठेकेदार की कार्यप्रणाली से नाराज दर्जनों महिला-पुरुषों ने गांव की पानी की टंकी पर एकत्रित होकर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया।

हाथों में खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। गांव में व्याप्त इस विकट स्थिति को लेकर स्थानीय निवासी चंद्रशेखर शर्मा, गिरीश शर्मा और पिंटू पंडित ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि ठेकेदार की मनमानी और विभागीय अनदेखी के कारण पिछले पांच दिनों से गांव के नलों में पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है। आलम यह है कि इस ठिठुरती ठंड में ग्रामीणों को अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मीलों दूर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि नियमित रूप से जल आपूर्ति न होने से न केवल घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि पशुपालकों के सामने भी मवेशियों को पानी पिलाने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। गुरुवार को जब समस्या का कोई समाधान नहीं निकला, तो ग्रामीण लामबंद होकर टंकी पर चढ़ गए और ठेकेदार व अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। सबसे तेज़ और ताज़ा खबरें सीधे अपने व्हाट्सएप पर! अभी हमारे व्हाट्सएप चौनल से जुड़ेंरू च्तंजींस स्पअम अभी जुड़ें विज्ञापन इस पूरे घटनाक्रम और पेयजल संकट के विषय में जब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता हेमंत कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्थिति को स्पष्ट करते हुए बताया कि तकनीकी खराबी के कारण मोटर बंद हो गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मोटर को दुरुस्त करवा दिया गया है और बहुत जल्द गांव में जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी। हालांकि, ग्रामीण अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं हैं और उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सप्लाई शुरू नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और अधिक उठा करने के लिए विवश होंगे।

## कार्यालय नगरपरिषद करौली ( राज. )

क्रमांक:4580 दिनांक: 08.01.2026

### आपत्ती आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण एवं हितधारकों को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकान द्वारा 90ए/ 90बी के अन्तर्गत अपने भूखण्ड का नियमन कर पट्टा चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिनके आवेदन पत्र परिषद में पक्रियाधीन है।

अत: कोई भी व्यक्ति/संस्था/हितधारक उक्त पत्रावलियों /दस्तावेजों का अवलोकन करना चाहे अथवा कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तथा किसी भी आवेदक की पत्रावली के सम्बन्ध में कोई जानकारी चाहते हो, वह अन्दर अवधि 07 योग/ दिवस लिखित रूप में अपनी आपत्ति/उज्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है वाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति स्वीकार/समाहित नहीं की जावेगी तथा पट्टा जारी करने की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | पिता/पति का नाम | खसरा नं. | भूखण्ड सं. | वर्गगज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा<br>श्री मधुसुदन शर्मा | स्व. श्री राधावल्लभ शर्मा | 499,500 | 1,47,48 | 480.82 |
| 2. | श्रीमति वन्दना शर्मा | श्री दिनेश चंद शर्मा | 7290 | 15 | 163.33 |
| 3. | श्रीमति सुनिता | श्री योगेश गुप्ता | 6950 | ... | 41 |
| 4. | श्री अमरदीप जाटव<br>श्री गिर्राज माली | श्री रामखिलाडी जाटव<br>श्री शिल्लू | 7216/1 | 19 | 150 |
| 5. | श्रीमति शकुन्तला पचौरी | श्री शिवदत्त पचौरी | 5424, 5427 | 18 | 200 |
| 6. | श्री दुर्गालाल गौड | श्री चिरंजी लाल गौड | 4671-72 | .... | 488.11 |
| 7. | श्री प्रियंका शर्मा | श्री गौरव कुमार शर्मा | 5544 | 28 | 125 |
| 8. | श्री मन्नू माली | श्री चिरंजी माली | .... | .... | .... |
| 9. | श्री दीलीप कुमार शर्मा | श्री रामकुमार शर्मा | 7192 | 15,15ए | 82.50 |
| 10. | श्री दुर्ग सिंह मीना | सुबेदार सिंह मीना | 5179, 5180 | 100 | 133.33 |
| 11. | श्री दुर्ग सिंह मीना | सुबेदार सिंह मीना | 5179 | 99 | 133.33 |
| 12. | श्रीमति मनीषा मीना | श्री राजेश मीना | 5184 | 111 | 133.33 |
| 13. | श्रीमति मनीषा मीना | श्री राजेश मीना | 5184, 5185 | 110 | 133.33 |
| 14. | श्रीमति अरूणा देवी | श्री अमर सिंह उर्फ दीप सिंह | 5255 | 18 | 240 |

आयुक्त
नगरपरिषद, करौली






## बैठक आयोजित

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। थानागाजी के अंगारी स्थित अंगिरा धाम मंदिर परिसर में गुरुवार को अंगिरा धाम विकास संस्थान की बैठक आयोजित हुई। संस्थान के अध्यक्ष भगवान सहाय कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में संस्थान के महामंत्री मंडावरा निवासी धर्मराज जांगिड़ ने वर्ष 2026 की वार्षिक योजना तैयार करने, 500 से अधिक सदस्य बनाने, संस्थान के भवन निर्माण समिति अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव रखा । जिस पर संस्थान के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से मदनलाल जांगिड़ थानागाजी को निर्माण समिति का अध्यक्ष एवं मुकेश कुमार जांगिड़ थानागाजी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इस दौरान संस्थान के 500 से पार सदस्यता अभियान के लिए संत अभय दास महाराज को प्रभारी एवं सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रमेश चंद शर्मा गंगापुर सिटी को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। संस्थान के महामंत्री जांगिड़ ने बताया कि वर्ष 2026 जून माह में प्रतिभा सम्मान समारोह होना प्रस्तावित है। इसके लिए श्री विष्णु विजेंद्र कुमार जांगिड़ थानागाजी को प्रभारी बनाया गया है। बैठक में संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार, उपाध्यक्ष छीतरमल जयपुर, जांगिड़ छात्रावास हिंडौन के अध्यक्ष बाबूलाल, मंत्री हरि चरण संस्थान के राजेंद्र प्रसाद रामकिशोर आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर संत अभय दास महाराज ने पोस्टर का विमोचन किया। अंत में संस्थान के अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## निरीक्षण किया

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उप जिला कलेक्टर के निर्देश पर नगर परिषद कार्मिको के द्वारा शहर में संचालित आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया। रेलवे स्टेशन बजरिया और कोलीपाड़ा स्थित इन आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान सभी सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। जांच में पीने योग्य स्वच्छ पेयजल, ठहरने की समुचित व्यवस्था, रजाई और गद्दों की साफ-सफाई संतोषजनक मिली। मेडिकल किट, शौचालय और मूत्रालयों की सफाई व्यवस्था भी उपयुक्त पाई गई। आश्रय स्थलों पर 24 घंटे केयर टेकर की उपस्थिति सुनिश्चित पाई गई। संबंधित संचालनकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि सर्दी को देखते हुए अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से की जाए। साफ-सफाई व्यवस्था को निरंतर सुचारू रखने के भी निर्देश दिए गए।


